फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री बंशीलाल गुर्जर पुत्र श्री लादुलाल गुर्जर नि. कुंदवा तहसील देवगढ जिला राजसमंद

— अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ जिला राजसमंद **— प्रत्यर्थी**

पत्रावली संख्या 62/2022

किस्म मुकदमा — अपील सूचना का अधिकार, 2005

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की

दिनांक 13.10.2022

पत्रावली पेश हुई । अपीलांट अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार, देवगढ को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया ।

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार देवगढ द्वारा जरिये पत्रांकः सू.अ.अ. /2022/154—55 दिनांक 6.10.2022 से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना का निर्धारित शुल्क जमा करवाने हेतु लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार देवगढ द्वारा पत्रांकः सू.अ./2022/116 दिनांक 23.8.2022 को लिखा जा चुका है। अपीलार्थी द्वारा आज दिनांक तक शुल्क जमा नहीं करवाने से सूचना उपलब्ध नहीं करवाई गई है।

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार, देवगढ की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार, देवगढ की रिपोर्ट अनुसार अपीलार्थी द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत चाही गई सूचना का शुल्क जमा करवाने हेतु लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार, देवगढ द्वारा अपीलार्थी को दिनांक 23.8.2022 को लिखा जाने के बावजूद भी अपीलार्थी द्वारा निर्धारित शुल्क जमा नहीं करवाने से सूचना उपलब्ध नहीं करवाई गई है। अपीलार्थी निर्धारित शुल्क लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार, देवगढ के कार्यालय में जमा करा वांछित सूचना प्राप्त कर सकते है। उक्त प्रकरण इसी स्टेज पर निर्णित किया जाता है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी

(जिला कलक्टर) राजसमंद

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)